तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 समीक्षा बैठक में सीईओ ने दिए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने ...



14 पंचमी पर नाग को पिलाया दूध, शिवजी पर चढ़ाया ..






## दुर्घटना : तेज रफ्तार डीजे वाहन ने ओवरटेक करते मारी टक्कर

# डीजे वाहन में लगे एंगल से ई-रिक्शा पलटा छह स्कूली बच्चे घायल, दो की हालत नाजुक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मंगलवार सुबह खैरी गांव के तालाब के पास एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर दिया। स्कूल जा रहे छह बच्चों से भरी ई-रिक्शा को पीछे से तेज रफ्तार डीजे वाहन ने ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। वाहन की बाहर निकली लोहे की एंगल रिक्शा में घुस गई और वह पलट गई।

रिक्शा में बैठे सभी बच्चें घायल हो गए। दो की हालत गंभीर है, गांववाले बच्चों को उठाकर अस्पताल ले गए। ई-रिक्शा खैरी गांव से इंडियन पब्लिक स्कूल नवागढ़ जा रही थी। जैसे ही वह तालाब के पास पहुंची, पीछे से आ रहे डीजे वाहन ने खतरनाक तरीके से ओवरटेक किया और उसकी एंगल रिक्शा से टकरा गई। हादसे के बाद रिक्शा में बैठे बच्चे सड़क पर गिर पड़े, कुछ रोने लगे, कुछ उठ भी नहीं पाए। गांव के लोग दौड़कर पहुंचे और बच्चों को उठाया। गांववालों ने बच्चों को निजी साधनों से नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से गंभीर रूप से घायल रिया यादव (8वीं कक्षा) और अमन नेताम (6वीं कक्षा) को जिला अस्पताल बेमेतरा रेफर किया गया। हादसे में रिया यादव (कक्षा 8वीं), साक्षी यादव (कक्षा 10वीं), शिवा नेताम (कक्षा 6वीं), तनिका पाल (कक्षा 8वीं), आरती यादव (कक्षा 11वीं) और अमन नेताम (कक्षा 6वीं) घायल हो गए हैं। सभी बच्चे ग्राम खैरी के निवासी हैं। इनमें रिया यादव और अमन नेताम की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। अमन का हाथ टूट गया है, जबकि रिया को भी चोट आई है। एक ही गांव के छह बच्चे घायल—गांव में हर घर में सन्नाटा है।






### बड़ा सवाल: डीजे वाहन पर नियंत्रण कौन करेगा?

यह हादसा कोई पहला नहीं है। डीजे वाहनों के बाहर निकले एंगल अब चलती मौत बन चुके हैं। ये वाहन न तो फिटनेस जांच से गुजरते हैं, न ही इनके रूट तय हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए वाहन की चौड़ाई से बाहर निकले एंगल होते है। फिटनेस, परमिट और लोडिंग की जांच आरटीओ स्तर पर अनिवार्य है।

### जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने ली चिकित्सकों से जानकारी

घटना की खबर मिलते ही बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने चिकित्सकों से बात कर सभी घायलों की स्थिति की जानकारी ली और गंभीर बच्चों को बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर करने की सिफारिश की।4 मधु रॉय ने कहा कि यह हादसा सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जिम्मेदार विभागों की नींद का नतीजा है। डीजे वाहनों पर नियंत्रण नहीं हुआ तो हम जनआंदोलन खड़ा करेंगे। बच्चों की जिंदगी कोई साउंड सिस्टम नहीं, जिसे खराब कर फेंक दिया जाए।

# खाद संकट से जूझ रहे किसान, महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

जिले में 80 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। जिले में आंकड़ों के हिसाब से 75 प्रतिशत लघु और सीमांत कृषक है। किसानों का कहना है कि जून में बुआई का कार्य शुरू हो जाता है। लेकिन समितियों में डीएपी की पर्याप्त मात्रा नहीं है। ऐसे में खाद आने के उम्मीद में किसान समिति के चक्कर लगा रहे है।

जिन किसानों को डीएपी की जरूरत है उन्हें महंगे दामों में बाजार से खरीद रहे है। इसकी जानकारी के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही से बच रहे है। इस प्रकार मेहनतकश किसान परेशान है और व्यापारी खुलेआम खाद को महंगे दाम में बेच रहे है। खेतों में किसान फसल के लिए 4 माह तक जमकर मेहनत करते है। तब जाकर फसल तैयार होती है। सरकार ने किसानों के लिए सैकड़ों योजनाएं शुरू की है जिससे कृषकों आय बढ़ाई जा सके। जमीनी स्तर पर इसमें सुधार भी हुआ है। लेकिन फिलहाल अधिकारियों की कमजोरी से खाद किसानों तक नहीं मिल पा रहा है। परपोड़ी क्षेत्र में कृषक महंगे दाम में यूरिया खाद खरीद रहे है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

खाद दुकानों में यूरिया महंगे दामों में बिक रही है। बाजार में 480 से 520 रुपए तक यूरिया बिक रहा है। जन चर्चा और सोशल मीडिया के मैदान से शासन के मैदानी अमले को इस बात की जानकारी है लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों से खाद व्यापारियों की अघोषित समर्थन नजर आती है जिससे प्रभावी कार्यवाही नजर नहीं आ रही है। अधिकारी के कार्यवाही नहीं करने से व्यापारियों के हौसले बुलंद है।

### कार्रवाई होगी

पिछले साल की तुलना में खाद का भंडारण अधिक हुआ है। निजी खाद्य विक्रेताओं के भंडारण की जांच ऑनलाइन मात्रा और भंडारण केंद्र में पाए जाने वाले खाद के स्टॉक के मिलान से की जाती है। बीते दिनों साजा के खाद दुकानों में स्टॉक की जानकारी प्राप्त की गई थी। निजी खाद दुकानों में यदि किसानों को महंगा दामों में खाद बेचा जा रहा है तो जानकारी मिलने पर नियमपूर्वक कार्यवाही की जाएगी।

- डी.के.ध्रुव एस. ए.डी.ओ. साजा

### बाजार में महंगी यूरिया

किसानों के अनुसार 1 एकड़ की खेती में 120 दिन के फसल के लिए 1 से 2 बोरी यूरिया लगता है। किसानों के अनुसार खेत में पानी रहने यूरिया का छिड़काव किया जाता है। लेकिन यूरिया की कालाबाजारी से कृषकों को महंगी यूरिया बाजार से खरीदनी पढ़ रही है। बाजार में किसानों से खुलेआम महंगा यूरिया बेचा जा रहा है जिससे किसान के फसल उत्पादन का खर्च बढ़ रहा है। जिससे कृषकों की आय प्रभावित होगी।

## खबर संक्षेप

### टेमरी स्कूल के प्रधान पाठक निलंबित

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा दिनांक 14 जुलाई को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका के गोद लिए हुए ग्राम के स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला टेमरी विकासखंड नवागढ़ के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कपिल नारायण वर्मा प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला टेमरी विकासखंड नवागढ़ दिनांक 10 जुलाई से बिना किसी सूचना या आवेदन के अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थिति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उन्हें स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया। कपिल नारायण वर्मा प्रधान पाठक द्वारा, लंबे समय से लकवा ग्रस्त हूं जिसका इलाज कराने के लिए बाहर गया हुआ था। जिसकी सूचना मैं नहीं दे पाया था, इस तरह का उल्लेख करते हुए दिनांक 22 जुलाई को स्पष्टीकरण पत्र का जवाब प्रस्तुत किया गया। लेकिन जवाब में अस्वस्थता/ इलाज कराने का ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पीएमश्री स्कूल उघरा की प्रधान पाठक को डीईओ ने किया निलंबित

**बेमेतरा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला उघरा विकासखंड बेमेतरा के वित्तीय अभिलेखों का अवलोकन व परीक्षण किया गया। कैश बुक एवं बिल वाउचर का मिलान किया गया। जिसमें गंभीर वित्तीय अनियमित विसंगतियां पाई गई। नियमानुसार क्रय समिति का गठन नहीं किया गया है एवं व्यय की गई राशि का अनुमोदन क्रय समिति द्वारा नहीं कराया गया है। भंडार पंजी में सामग्री प्राप्त पश्चात खर्च एवं शेष सामग्री का उल्लेख नहीं किया गया है। तथा प्रधान पाठक द्वारा हस्ताक्षर प्रमाणित नहीं किया गया है, न ही 31 मार्च की स्थिति में भौतिक सत्यापन किया गया है। रोकड़ पंजी में आय व्यय को प्रधान पाठक द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया है। एक ही फर्म से एक ही दिनांक को एक ही सामान को बार-बार क्रय किया जाने का अलग अलग बिल वाउचर चस्पा किया गया है। इससे स्पष्ट है कि भंडार क्रय नियम से बचने के लिए टुकड़ा टुकड़ा में बिल वाउचर लिया गया है। उक्त वित्तीय अनियमितता के संबंध में ▶▶| शेष पेज 13 पर

# सीईओ ने जनदर्शन में सुनीं जनसमस्याएं 34 आवेदन प्राप्त, कई मामले त्वरित निपटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद अग्रवाल ने आज समय-सीमा की बैठक के पश्चात कलेक्टोरेट परिसर स्थित दृष्टि सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आम जनता की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक विषयों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस जनसुनवाई में कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

वहीं, गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा पंजी में दर्ज कराकर शीघ्र निराकरण के निर्देश सीईओ श्री अग्रवाल ने दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। प्राप्त आवेदनों में से कुछ प्रमुख मामले मे वार्ड क्रमांक 2, विघानगर (बेमेतरा) निवासी चंद्रभान बंजारे ने साइबर ठगी से 4.50 लाख रुपये की राशि वापस दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम बांसा, तहसील बेरला के समस्त किसानों ने जमीन विवाद संबंधी समस्या रखी। ग्राम कोहड़िया, तहसील बेरला के निवासियों ने वजेश स्टील प्राइवेट लिमिटेड परियोजना का विरोध करते हुए परियोजना निरस्तीकरण की मांग की। वार्ड क्रमांक 17, बेमेतरा के रहवासियों ने गौरव पथ नवीन बाजार से सिघौंरी मार्ग तक की नाली सफाई की मांग रखी। ग्राम नेवनारा, तहसील बेरला के ग्रामवासियों ने चारागाह भूमि के उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे अनुचित ▶▶| शेष पेज 13 पर

## बेमेतरा मंडी परिसर में 3 एस कार्यशाला का आयोजन

# बेमेतरा से शुरू होगी वैश्विक स्वास्थ्य क्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के मंडी परिसर में समाजसेवी शत्रुघ्न सिंह साहू द्वारा रविवार एक ऐतिहासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वावलंबन, स्वास्थ्य और स्वाध्याय के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता फैलाना और जन-सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।

- जिले के 1100 गांवों में बनेंगी 3300 को-ऑपरेटिव समितियां

इस विशेष कार्यशाला में मुंबई फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज, सीआईडी 111 एवं क्योंकि सास भी कभी बहू थी जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों से जुड़े मोर गांव फिल्म के निर्माता-निर्देशक प्रशांत बैस विशेष रूप से शामिल हुए। प्रशांत बैस की संस्था तत्त्वम् कायाकल्पम मानव सर्विसिंग सेंटर एवं तत्त्वम् द इम्युनिटी बूस्टर के माध्यम से पिछले 15 वर्षों में उन्होंने बिना दवा के हजारों मरीजों को ठीक करने में सफलता पाई है।



बैस ने बताया कि वे पिछले 2-3 वर्षों से बेमेतरा जिले के हर गांव में एक संपूर्ण विकास मॉडल लागू करने हेतु सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 1100 गांवों में तीन स्तरों पर कोऑपरेटिव सोसायटी— 'गगन' वरिष्ठ नागरिकों हेतु, 'ज्वाला' महिलाओं हेतु और 'पवन' युवाओं हेतु—बनाई जाएगी। इससे गांवों को आत्मनिर्भर, स्वस्थ और आनंदित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल होगी।

बैस ने कहा कि आज जल संकट, हार्ट अटैक और मानसिक तनाव सिर्फ बुजुर्गों ही नहीं, बच्चों को भी चपेट में ले रहा है। इसका समाधान है कि हम अपने चिकित्सक खुद बनें। बिना दवा, बिना खर्च हम खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। यह ज्ञान गांव-गांव तक पहुंचाना ही तत्त्वम् का उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि जब एक साथ 3300 कोऑपरेटिव समितियां गठित होंगी, तब बेमेतरा का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि 25 से 30 नवम्बर के मध्य एक भव्य राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रमुख रूप से चुम्मन लाल साहू, दिनेश कुमार साहू, ममता साहू, नागेश्वर वीर साहू, पूनम साहू, लक्षण वर्मा, खोमराम साहू, जसपाल साहू, ओमप्रकाश कोसले, दिलीप भीतलहरे, मूलचंद डोलिया, नारद वकील, प्रदीप शर्मा, सतीश वर्मा गुजरात, चंद्रिका तिवारी, नीतू कोठारी, ताराचंद माहेश्वरी, नरेश साहू, देवनाथ साहू, हीराराम साहू, निर्भय गोस्वामी और अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर इस महायज्ञ में सहभागी बनने और बेमेतरा को विश्व पटल पर पहचान दिलाने का संकल्प लिया।



# शहर में पीओपी मूर्तियों पर प्रतिबंध, सिर्फ मिट्टी के गणेश ही होंगे विराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी गणेश उत्सव को देखते हुए नगर पालिक निगम एवं जिला प्रशासन ने शहर में पीओपी प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश के अनुसार, अब नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक पंडालों में केवल मिट्टी से बनी गणेश मूर्तियाँ ही स्थापित की जा सकेंगी। महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने मूर्ति विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे केवल मिट्टी से निर्मित गणेश मूर्तियाँ ही विक्रय के लिए रखने विक्रेताओं से कहा। पीओपी से बनी मूर्तियाँ न केवल जल स्त्रोतों को प्रदूषित करती हैं, बल्कि इनके डिस्पोज होने में भी लंबा समय लगता है जिससे जल जीवों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है।पीओपी मूर्तियों की जानकारी मिलने पर नगर निगम को सूचित करें, मूर्ति विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें। यह कदम न सिर्फ पर्यावरण के हित में है, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान है। नगर निगम ने सभी धार्मिक समितियों, गणेश उत्सव मंडलों और गणेश मूर्ति विक्रेताओं से भी सहयोग की अपेक्षा की है।

## पीओपी मूर्ति बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई और जुर्माना, विक्रेताओं को जारी की चेतावनी

### मिट्टी से बनी मूर्तियां ही खरीदें

महापौर अलका बाघमार ने कहा नगर निगम का यह प्रयास शहर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पीओपी मूर्तियाँ हमारे तालाबों और नदियों को दूषित करती हैं। हम सभी को मिलकर इस पहल में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे मिट्टी से बनी गणेश मूर्तियाँ ही खरीदें और इस बार एक पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव मनाएं।



### होगी कड़ी कार्रवाई, जुर्माना भी

नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा निगम द्वारा लगातार निगरानी की जाएगी। यदि किसी विक्रेता या आयोजक को पीओपी मूर्तियाँ बेचते या स्थापित करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी वसूला जाएगा। निगम की टीम बाजारों और मूर्ति विक्रय स्थलों पर नियमित निरीक्षण करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौक, बाजारों और वार्डों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को पीओपी मूर्तियों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जा सके और वे मिट्टी की मूर्तियाँ अपनाने के लिए प्रेरित हों।

## खबर संक्षेप



### 9 महीने से नहीं कराया पीएफ जमा, धरने पर मजदूर

दुर्ग। सोमवार को एसीसी सीमेंट प्लांट अदाणी समूह जामुल में काम करने वाले मजदूरों ने धरना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि ठेकेदार ने उनका 9 माह का पीएफ जमा नहीं कराया गया। इस वजह से उन्होंने गेट को जाम कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रायः सभी ठेकेदारों के अंतर्गत कार्यरत मजदूर सबेरे 8 बजे जनरल शिफ्ट में काम में पहुंचते हैं। सोमवार की सुबह पीएफ को लेकर चल रही चर्चा के बाद निर्णय नहीं होने पर गेट को जाम कर दिया गया। एसीसी सीमेंट प्लांट का संचालन अदाणी समूह द्वारा किया जा रहा है। मजदूर नाराज होकर बोगदा पुल के पास धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने मामले में निर्णय नहीं होने पर और भी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### सब्जी उत्पादन और विक्रय से बदली किस्मत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" के माध्यम से आत्मनिर्भरता की



मिसाल बनी केतकी बाई पटेल आज "लखपति दीदी" के नाम से जानी जाती हैं। जनपद पंचायत दुर्ग के आमटी ग्राम की निवासी और प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष केतकी दीदी ने सब्जी उत्पादन और विक्रय से अपनी मेहनत और निश्चय के बल पर आर्थिक समृद्धि हासिल की है। शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा, फिर समूह से उनको सहारा मिला। समूह से जुड़ने से पहले दीदी के पास संसाधनों की कमी थी। सब्जी उत्पादन की इच्छा होते हुए भी आर्थिक तंगी के कारण वे इसे बड़े स्तर पर नहीं कर पा रही थीं। जब उन्हें बिहान योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने स्वयं पहल कर महिला साथियों के साथ स्व-सहायता समूह का गठन किया। छोटी-छोटी बचत करके अपने समूह को सशक्त बनाई। उसके उपरांत उन्होंने बैंक लिंकेज के माध्यम से 30 हजार का लोन लिया और सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया।

## मनी लॉन्ड्रिंग व बड़े अपराध में संलिप्तता बता लगातार 7 दिन तक करते रहे परेशान

# डिजिटल अरेस्ट: सीबीआई का अफसर बताकर साढ़े 12 लाख ठगे, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में डिजिटल अरेस्ट के मामले में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को एक और मामला सामने आया, जिसमें सेक्टर-7 निवासी शोभा झा को 7 दिनों तक आरोपी ब्लैकमेल करते रहे। आरोपियों ने अपने आपको सीबीआई और क्राइम ब्रांच का अफसर बताया। इसके बाद मनी लॉन्ड्रिग और बड़े अपराध में संलिप्तता बताते हुए साढ़े 12 लाख रुपए ठग लिए।

आरोपियों ने लगातार दबाव बनाया और डराने का प्रयास किया। परेशान होकर महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में जांच कर दो आरोपियों को फतेहपुर यूपी से गिरफ्तार किया। आरोपियों में शहबाज उर्फ फैजल अहमद मवाना मेरठ और अनस खान सिविल लाईन फतेहपुर शामिल हैं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। बता दें कि इस मामले में आरोपियं ने फर्जी कॉल सेंटर में आधुनिक मशीन कॉल कन्वर्टर के माध्यम से अपनी पहचान छिपाने का प्रयास किया, लेकिन वे पकड़े गए। आरोपियों के कब्जे से 3 कॉल कन्वर्टर मशीन, 01 लैपटॉप, 105 सीम, 05 मोबाइल जब्त किया गया है। इस पूरे मामले में जांच भिलाई नगर पुलिस और साइबर सेल ने मिलकर की।

### एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने पूरे मामले का किया खुलासा



### फतेहपुर से सिम खरीदने की मिली जानकारी, पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोबाईल नंबर का पता चला। उक्त सीम फतेहपुर का होने की जानकारी मिली। इसके अलावा बैंक खातों की जानकारी लेकर तकनीकी विश्लेषण किया गया। पता चला कि संदिग्ध गतिविधि और ठगी के लिए सीम का इस्तेमाल किया गया। सीम कलेक्ट कर अनावेदक फैजल को उपलब्ध कराना पाया गया। फैजल द्वारा फतेहपुर में किराये के मकान में कॉल कन्वर्टर मशीन एवं आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक समय में लगभग 90 से 100 सीम का उपयोग करने का खुलासा हुआ। आरोपी सॉफ्टवेयर का उपयोग पहचान छिपाने के लिए कर रहा था। जानकारी के बाद आरोपी पकड़े गए।

### 1 जुलाई को पहली बार आया फोन, इसके बाद से धमकाते रहे आरोपी, 3 कॉल कन्वर्टर भी जब्त

पुलिस ने बतायाकि मामले में शोभा झा को पहली बार फोन 1 जुलाई को अज्ञात नंबर से आया। आरोपियों ने अपने आप को सीबीआई और काईम ब्रांच कोलावा का अधिकारी बताया। साइबर ठग ने शोभा को धमकी दी कि आप किसी बड़े अपराध में संलिप्त हैं। आपने मनी लॉन्ड्रिंग, पैसों की ठगी आदि अपराध कारित किए हैं। इसमें आपके विरुद्ध आईपीसी की धारा 198, 223, 420 का अपराध दर्ज है। 5 दिन तक आवास पर ही डिजिटल अरेस्ट कर रखा रहा। जेल भेजने की धमकी दी गई।इसके डर कर आवेदिका ने अपनी जमा पूंजी एवं अपने गहनों को मुथूट फायनेंस में गिरवी रखकर अपने पेंशन खाते में रकम एकत्र किया। आपरोपियों द्वारा बताये गये बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से 12,50,000 रुपए ट्रांसफर किया।घटना की सूचना प्राप्त होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। इसके बाद आरोपी पकड़े गए।



# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण : अब तक 30 हजार नागरिकों ने दिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आयोजन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। सर्वेक्षण कार्य के लिए केंद्र सरकार ने एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, एएमएस लखनऊ को स्वतंत्र एजेंसी के रूप में चयनित किया है, जो अगस्त माह से दुर्ग जिले में फील्ड सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करेगी।

- सर्वेक्षण के लिए स्वतंत्र एजेंसी चयनित किया गया

इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और साफ-सफाई का मूल्यांकन कर रैंकिंग तय की जाएगी, जो न केवल जिले की बल्कि राज्य और देश की रैंकिंग को भी प्रभावित करेगी। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है ताकि आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और जिले को बेहतर रैंक प्राप्त हो।

### फीडबैक में जनता की भागीदारी

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत अब तक जिले में लगभग 30 हजार नागरिक फीडबैक दर्ज किए जा चुके हैं। इसमें जनपद पंचायत धमधा ने सबसे अधिक 13 हजार फीडबैक, पाटन से 10 हजार और दुर्ग जनपद से 7 हजार फीडबैक शामिल हैं। फीड बैक स्वच्छाग्रही, स्वच्छता समूह और बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं के सहयोग से एकत्रित किए जा रहे हैं।




### दीवार लेखन के माध्यम से जागरुकता

कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक शौचालयों एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में एसएसजी-2025 का लोगो एवं स्वच्छता संदेशों का दीवार लेखन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रत्येक पंचायत में 5 से 10 प्रकार के दीवार लेखन कराए गए हैं।

### मोबाइल के माध्यम से ग्रामीण दे रहे फीडबैक

ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों के सहयोग से ग्रामीणों को मोबाइल के माध्यम से फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने 30 जुलाई तक अधिकतम फीडबैक प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिले के सभी विभागों के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत मैदानी अमलों को अधिक से अधिक फीडबैक करवाने के लिए निर्देशित किया गया है।

**मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता** : दुर्ग। कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम करेला डीही तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी खेमलाल कश्यप की विगत 5 सितंबर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. खेमलाल की पत्नी विजयलक्ष्मी कश्यप को 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# आप आने वाले समय में नए सदस्यों को देगा बड़ी जिम्मेदारी, कार्यकर्ता रहें तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आम आदमी पार्टी ने आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए तैयारी शुरू कर दी है। आप के नेताओं की मानें तो भिलाई निकाय चुनाव में पार्टी सभी 70 वार्डों में चुनाव लड़ेगी। इतना ही नहीं रिसाली, भिलाई-चरोदा और जामुल पालिका में भी पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी। इस बार पूरी ताकत के साथ वार्डों में चुनाव लड़ा जाएगा। इसे लेकर तैयारी तेज कर दी है। नए सदस्य बनाए जाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। साथ ही घोषणा की गई कि नए सदस्यों को बड़ी जिम्मेदारी देकर मैदान में उतारा जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि अब तक 14 जिलों की बैठक हो चुकी है।

- जिला और बूथ स्तर पर मजबूत संगठन बनाएगी आप

आगामी एक सप्ताह में सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग पूरी हो जाएगी।पश्चात जोनस्तरीय सम्मलेन रखा जाएगा। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि दुर्ग जिले का कार्यकर्त्ता सम्मलेन सुपेला में हुआ। जिले के कोने-कोने से सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने अपने विचार से पार्टी के नेताओं को अवगत कराया। सम्मेलन में प्रदेशभारी, सहप्रभारी और प्रदेश के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### प्रदेश को बांटा गया 7 जोन में, जिम्मेदारी तय

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक और दिल्ली के सुल्तानपुर विधायक मुकेश अहलावत के निर्देश पर राज्य में पार्टी विस्तार और मजबूत संगठन के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। पार्टी ने पहले ही प्रदेश में 7 जोन बनाकर प्रदेश के पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक, समन्वयक नियुक्त कर दिए हैं। संगठन महामंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि पार्टी जल्द ही नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाने की प्रक्रिया जारी है। जिला, ब्लॉक स्तर, प्रत्येक वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार की जा रही है।

# गुड पैरेंटिंग पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत प्रेरणा सभाकक्ष मबावि परिसर जिला दुर्ग में गुड पैरेन्टिंग पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में पैरेन्टिंग एक्सपर्ट हरिश साहू, एनवीएस नलिनी, कृष्ण कुमार साहू, एवं गौरीकाता साहू द्वारा चेतना विकास पर मूल्य शिक्षा व पालकों द्वारा बच्चों की सही परवरिश की जानकारी दी गई एवं उनको मोबाइल से दूर रहने तथा अपने माता-पिता के प्रति कृतज्ञ बनने संबंधी चर्चा की गई। समाज में हमारा एक-दूसरे के प्रति संबोधन कैसा हो जैसे- माता-पिता, भाई, अध्यापिका जैसे मधुर संबोधन की ओर प्रेरित किया।

- बच्चों की मोबाइल के लत की समस्या का बताया समाधान

अपने अच्छे काम, अच्छी सोच अच्छी बात की जानकारी दिए जाने एवं डीप स्लीप की थ्योरी जिसमें रात्रि 8 से 12 बजे की निद्रा, 01 घण्टे की निदा 2 घण्टे को प्रावर होती है की जानकारी दी गई। श्री कृष्ण कुमार साहू द्वारा गीत के माध्यम से जीवन जीने की कला, अपनी उपयोगिता को विकसित करने एवं जीवन को संघर्ष नहीं अपितु उत्सव समझने की प्रेरणा दी गई। अजय साहू द्वारा बच्चों की मोबाईल की लत से दूर रहने का समाधान बताया गया।

# पौधारोपण सिर्फ फोटो खींचने के लिए नहीं :महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को प्रदूषण मुक्त व हरा-भरा करने नगर निगम के अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा भी शहर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस लाइन वार्ड क्रमांक 48 के मैदान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मेयर अलका बाघमार ने पौधरोपण किया। इस दौरान मेयर ने मौजूद लोगो से कहाँ कि पौधरोपण सिर्फ फोटो खींचने के लिए न हो बल्कि वृक्षारोपण के बाद पेड़ की सेवा देकर उसे बड़ा भी करें।

- पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण एक सार्थक पहल

मेयर अलका बाघमार के साथ पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या मे वार्डवासियो ने वार्ड 48 के मैदान मे नीम, बादाम, गुलमोहर, अमलताश, मौलश्री प्रजाति के पौधे लगाए।महापौर ने कहा कि आज शहर को विकसित करने जिस गति से वृक्षों की कटाई हो रही है, उस गति से पेड़ लगाए नहीं जा रहे है जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषित और ऑक्सीजन की कमी हो रही है।

महापौर ने कहा कि पेड़ न लगाने के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और आक्सीन की कमी हो रही है। जिसका परिणाम हमने कोरोना के दूसरी लहर में पूरे देश में ऑक्सीजन की कमी को देखा है। जिससे अधिकांश लोगों की जानें गई है। पूरा देश इस सदमे से उबर नहीं पाया है। इस बात को ध्यान में रखते हम सबको प्रण लेकर अपने घर एवं उसके आसपास पौधे लगाना है, ताकि भविष्य में ऑक्सीजन की कमी जैसी स्थिति दोबारा निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि हम अपने आसपास में लगे वृक्षों की रक्षा करें एवं आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण में सांस लेने एक पौधे जरूर लगाएं।



## जनदर्शन में किसानों ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से लगाई गुहार

# रजिस्ट्रेशन में अड़चन, किसानों को धान बेचने में होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए।जनदर्शन में नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

- जनदर्शन में 107 आवेदन प्राप्त हुए

### रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या की शिकायत

वार्ड क्रमांक 54, पोटियाकला के किसानों ने एग्रीस्टेक कृषक रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या के चलते किसान पंजीयन नही होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रेशन के दौरान खसरा नंबर नहीं दिखने की समस्या के कारण पंजीयन अधूरा रह जाता है। इस वजह से किसान सोसायटी में धान पंजीयन और बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरन उन्हें फसल बिचौलियों को कम दाम में बेचनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने भू-अभिलेख को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### बघेरा-कोटनी रोड की अधूरी नाली बनी किसानों की मुसीबत

बघेरा-कोटनी के किसानों ने बताया कि बघेरा रेलवे फाटक से कोटनी मार्ग तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई नवीन नाली अधूरी व गलत लेवल पर बनी है, जिससे पानी निकासी रुक गई है। पहले कच्ची नाली से पानी निकल जाता था, लेकिन अब नाली खेत से ऊँची बन गई है, जिससे खेतों में पानी भरकर फसलें डूब रही हैं। करीब 100 एकड़ क्षेत्र की फसलें जलभराव से खराब हो चुकी हैं, जिससे बघेरा, कोटनी और मोहलाई खार के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने मांग की है कि नाली का लेवल ठीक कर, उसे एसटीएफ बाईपास छोर व शनि मंदिर सरार तक पूरा किया जाए ताकि खेतों से पानी निकासी हो सके। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### विद्युत पोल बदलने की मांग

भिलाई पार्षद वार्ड-03 निवासी ने पुराने विद्युत पोल को बदलने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भिलाई माडल टाऊन वार्ड-03 की श्रमिक बाहुल्य बस्तियाँ में 30 साल पुराने, जर्जर व झुके हुए बिजली के खंभों में दरारें, तारों का जाल और झुकाव बच्चों व राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास और सड़क निर्माण के बाद खंभों की ऊँचाई कम हो गई है, जिससे तार और ज्यादा नीचे लटकने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में विद्युत विभाग को भी आवेदन दिया गया है। उन्होंने पुराने खंभों को हटाकर ऊँचे लोहे के खंभे लगाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# वार्ड 33 संतोषी पारा में जल्द बनेगा डोम शेड, किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वार्ड 33 न्यू संतोषी पारा वार्डवासियों एवं दुर्गा पूजा समिति द्वारा कई वर्षों की मांग आज पूरी हुई। 16 लाख का डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जोन 3 अध्यक्ष जालंधर सिंह इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद थे। वार्ड 33 संतोषी पारा पार्षद शैलजा राजू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जालंधर सिंह ने कहा कि कार्य का गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। काम समय पर पूरा किया जाए। प्रयास रहे कि पब्लिक को काम के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। कार्यक्रम में महो साव, धनराजू, बोलबम गुप्ता, रामेश्वर नागतोडे, मंजीत वर्मा, शिव यादव ब्रिजेश चौधरी, मिंटू साव, अमरजीत साव, अजीत साव, विकास सिंह, लोचन साव, बलराम प्रसाद, अर्जुन प्रजापति, पुष्पा यादव कमला देवी साव, दीपक कुमार, चंदन साव, कविता, नफीसा बनो सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### बीएसपी में पीसीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम जवाबदेही पर जोर

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केन्द्र (बीएमडीसी) में 25 और 26 जुलाई 2025 को "संशोधित पीसीपी-2024 के अंतर्गत सर्विस कॉन्ट्रैक्ट" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता थे। महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष संजीव कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि थे। श्री सेनगुप्ता ने सेवा अनुबंधों को संशोधित पीसीपी के अनुरूप संचालित करने की आवश्यकता और उससे जुड़ी जवाबदेही को बताया ।संजीव कुमार श्रीवास्तव ने संस्थान के भीतर निरंतर अधिगम की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय व विकास सरिन, उप प्रबंधक जोजन जोस आदि उपस्थित थे।

### धारदार हथियार लेकर डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बोगदा पुलिया जामुल के पास धारदार हथियार बटनदार चाकू लेकर कसाई मोहल्ला छावनी निवासी सागर जायसवाल, संग्राम चौक आदित्य यादव उर्फ डम्पी लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी सागर से एक लोहे का धारदार बटन चाकू और आदित्य से धारदार चापड़ जब्त किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर पुलिस ने जेल भेजा है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### नाइंथ इंटरनेशनल कराटे में ओम दिखा रहा जौहर

**भिलाई।** कोलकाता में नाइंथ इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप नेताजी इन्डोर स्टेडियम में 29 जुलाई तक आयोजित है। इस चैंपियनशिप में भारत सहित 8 देश भागीदारी दे रहे हैं। इस इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भिलाई कोहका से भी कराटे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भागीदारी के लिए 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। एलीट कराटे एकेडमी के प्रेसिडेंट और कोच एनके कुशवाहा के मार्गदर्शन में खिलाड़ी दुर्ग रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुए। चयनित खिलाड़ियों में ओम उपाध्याय, आशा शुक्ला, आशिष शुक्ला, लियांशु लौट्रे, श्वरा गुप्ता, तक्ष कुमार सिंघ, अविशी भट्ट, सोमनाथ तिवारी, सिद्धांत चौधरी, मानवी साहू, मेधांश साहू, चेतना साहू, कितीशा वर्मा, उत्कर्ष देवांगन, वंश थोर, मैथिली साहू, आद्या मिश्रा, वेद केशरी, आरव प्रसाद, फिरोज कुमार मरकाम शामिल हैं। बता दें कि कोलकाता में नाइंथ इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का वीर बालक ओम उपाध्याय भी भागीदारी दे रहा है। इससे पहले मई में झारखंड के झांसी में नेशनल कराटे स्पर्धा में भाग लेकर ओम ने गोल्ड और ब्रांज मैडल जीता था।

### बीएसपी के संविदा कर्मियों को मिला सुरक्षा पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा संयंत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों को सुरक्षा व कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए भवन क्रमांक-2 के सभागार समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने की। श्री बेहेरा ने कहा कि संविदा कर्मी संयंत्र का सुरक्षा सिपाही हैं वे आगे भी इसी निष्ठा से कार्य करते रहें। प्रमोद कुमार ने संविदा श्रमिकों से अधिक सजगता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर केंद्रीय यांत्रिक संगठन से चयनित संविदा कर्मियों को सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर 'सुरक्षा सर्वोत्तम', 'सुरक्षा अनमोल' और 'सुरक्षा दक्ष' तीन श्रेणियों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

योजनाओं की प्रगति, जनशिकायतों और बाढ़ आपदा प्रबंधन पर हुई समीक्षा

# समीक्षा बैठक में सीईओ ने दिए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। सीईओ श्री अग्रवाल ने कहा कि 15 अगस्त के आयोजन को गरिमामयी, सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक रूप में मनाया जाए। सभी विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने साफ-सुथरे परिधान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गरिमा, बच्चों के परिधान (कस्ट्यूम) और प्रतिभागियों के समुचित अनुशासन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को फाइनल रिहर्सल और 14 अगस्त को देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सभी शासकीय कार्यालयों में 14 व 15 अगस्त को रौशनी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी, राजस्व प्रकरणों, पीएम आवास, नक्शा-बटांकन, त्रुटि सुधार, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों के प्रकरण की गहन समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए गए। सीईओ ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी लंबित और अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास पूर्ण नहीं होने या शिकायतों के समाधान में देरी होने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मानसून के मद्देनज़र बाढ़ आपदा प्रबंधन पर चर्चा करते हुए उन्होंने राजस्व व अन्य विभागों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने के लिए संसाधनों और व्यवस्थाओं को तैयार रखें।

**रजत जयंती वर्ष को लेकर गाइडलाइन–साप्ताहिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करें:सीईओः** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक यह आयोजन दो चरणों में किया जाएगा प्रथम चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 और द्वितीय चरण 1 नवम्बर 2025 से 6 फरवरी 2026 तक । सीईओ ने निर्देशित किया कि सभी विभाग इस दौरान साप्ताहिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करें और हितग्राही मूलक गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रजत जयंती कार्यक्रम राज्य शासन की मंशा के अनुरूप, जनभागीदारी और लोकहित को केंद्र में रखकर आयोजित किया जाए। समय सीमा की बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन, और सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। सीईओ ने निर्देश दिए कि मिशन के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए वार्ड, ग्राम पंचायत और जनपद स्तर पर नियमित निरीक्षण और प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता संबंधी प्रकरणों एवं शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता से करें और समय-सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने हेतु फील्ड अमले की सक्रियता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित आवेदनों, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण, राशन कार्ड, राजस्व से जुड़ी सेवाओं की समयबद्ध आपूर्ति के निर्देश भी दिए और स्पष्ट किया कि नियमित मॉनिटरिंग से ही सुशासन की भावना जमीनी स्तर तक पहुंचेगी ।



### कार्यालयों में समयपालन और निरीक्षण में लापरवाही पर सख्ती

बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से स्कूल, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य दुकान, आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें। साथ ही सभी शासकीय कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यालय में अनुपस्थित रहने या कार्य में लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। ई-ऑफिस की प्रगति की भी समीक्षा की गई, अधूरी लॉगिन आईडी और लंबित तकनीकी मामलों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। साथ ही सभी जर्जर शासकीय भवनों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम श्री अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, समस्त एसडीएम, जिला स्तरीय विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेवनारा चारागाह की जमीन पर जिला उद्योग विभाग की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला/भिंभौरी

उपतहसील भिंभौरी ग्राम नेवनारा के किसान डॉ. शिरीष शर्मा ने बताया कि लगभग 39 एकड़ जमीन जो चारागाह के लिए पूर्व में मालगुजारों द्वारा अपनी ज़मीन ग्राम नेवनारा के मवेशीयों के चारागाह के लिए दी गई थी, जिसे वर्तमान में उद्योग विभाग बेमेतरा को हस्तान्तरित करने उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ उद्योग भवन रायपुर अधोसंरचना विकास कक्ष द्वारा 23 मई को जारी किया गया है। इसमें खसरा नम्बर 1362, 1579,1622 शासकीय भूमि का भाग रकबा नम्बर क्रमशः 3.92, 0.79, 0.78, हेक्टेयर तथा खसरा नम्बर 1636 का 9.599 हेक्टेयर भूमि शामिल हैं।

- मामले पर भिंभौरी तहसील के अंतर्गत आपत्ति करने की अंतिम तिथि 6 अगस्त

जिस पर आपत्ति के लिए भिंभौरी तहसील से 17 जुलाई को आदेश जारी हुआ है। आपत्ति की अंतिम तिथि 6 अगस्त तक है। ग्राम नेवनारा की शासकीय भूमि को उद्योग विभाग को हस्तान्तरित करने के साथ ही खसरा क्रमांक 1636 का 9.599 हे रकबा भी उद्योग विभाग को हस्तान्तरित करने का आदेश जारी हुआ है, किन्तु खसरा क्रमांक 1636 जिसका कुल रकबा 15.71 हे. अर्थात 39 एकड़ से भी अधिक भूमि वर्तमान में ही शासकीय भूमि नहीं है। जिसकी जानकारी भूइंया ऐप पर देखने पर ज्ञात हुआ कि वह भूमि कुंजलाल आ. गिरधारी डोमारी प्र. आ. ठाकुरराम, गयाप्रसाद आ. हरिराम, अवधराम, अभय राम राम, अनुज, चंपा बाई, आ. भुखनदास, अभय प्रसाद, आ. चंदुलाल, रुपकुंवर बेवा रामलाल वगैरह के नाम पर दर्ज है। इसमें से अभयराम एवं राम अनुज वर्तमान में जीवित है। इसके पश्चात भी खसरा क्रमांक 1636 की जमीन उद्योग विभाग को हस्तान्तरित की जाने की मांग की गई है। मामले को लेकर ग्राम पंचायत नेवनारा सरपंच ने कहा कि ग्रामीणों से चर्चा करने के पश्चात इस पर आपत्ति लगायी जाएगी। हमें अपने गांव में उद्योग नहीं चाहिए। ज्ञात हो कि बेमेतरा जिला के भिंभौरी तहसील के अंतर्गत ग्राम बोरसी में भी पूर्व में इस प्रकार का मामला प्रकाश में आया था, जहां गांव वालों द्वारा भिंभौरी तहसील से लेकर बेमेतरा कलेक्टर को तक ग्रामीणों ने गांव की भूमि उद्योग विभाग को हस्तान्तरित न किया जाने ज्ञापन सौंपा था। वे इस मामले को लेकर प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को तक ज्ञापन दे चुके हैं, मगर ग्रामीण अपने गांव की सैंकड़ों एकड़ शासकीय भूमि बेमेतरा उद्योग विभाग के नाम पर हस्तान्तरित होने से नहीं बचा सके। इस मामले पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही प्राप्त हुआ।




# छात्राओं ने देश के जवानों के लिए भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव के बच्चों ने रक्षाबंधन पर सरहद पर तैनात जवानों के लिए राखियां भेजीं। बच्चों ने अपने घर से राखियां और मिट्टी लाकर कारगिल दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों ने कहा, हमारे जवान दिन-रात सीमा पर खड़े होकर दुश्मनों से लड़ रहे हैं। हमारी सुरक्षा कर रहे हैं। उनकी कलाई खाली नहीं रहनी चाहिए। इसलिए 42 छात्राओं द्वारा लिफाफे में अपना नाम-पता लिखकर राखी, एक चुटकी मिट्टी और एक पत्र सैनिकों को भेजा गया। इस मौके पर प्रधान पाठक रामायण ध्रुव, भारती तिवारी, सुदर्शन साहू, गंगाधर दुबे का सहयोग रहा।

हमारी रक्षा के लिए ड्यूटी करने वाले सैनिक भी भाई है : सुरेंद्र पटेल छात्राओं को जानकारी देते हुए संकुल समन्वयक सुरेंद्र पटेल ने बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार आ रहा है, लिहाजा देश की सीमाओं पर कभी झुलसती गर्मी तो कभी बर्फ बरसती है। कडक़ड़ाती ठंड के बीच प्रतिकूल परिस्थितियों में 24 घंटे व 365 दिन हमारी रक्षा के लिए ड्यूटी करने वाले सैनिक भी हमारे भाई की तरह हैं। यह प्रयास बच्चों के लिए एक अच्छा अनुभव बना। साथ ही देश के सैनिकों के प्रति सम्मान और समर्थन भी व्यक्त हुआ।

# वेतन विसंगति को लेकर स्वास्थ्य संयोजकों ने सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा।** नगर पंचायत दाढ़ी में सोमवार को मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ बेमेतरा ने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों एएनएम औऱ एमपीडब्लू की वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले कर्मचारी वर्षों से वेतन भेदभाव का शिकार हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण अवधि और कार्य प्रकृति अन्य समकक्ष कर्मचारियों जैसे रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक अधिकारियों के समान होने के बावजूद उन्हें कम वेतनमान दिया जा रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा समय-समय पर वेतन विसंगति की जांच के लिए समितियाँ गठित की गईं और विभागीय प्रस्ताव भी तैयार किए गए, लेकिन आज तक उसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है और असमानता की स्थिति बनी हुई है। **ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को समान वेतनमान मिलना चाहिएः** कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों का वेतनमान समकक्ष कर्मचारियों के समान किया जाए। विभागीय प्रस्ताव का शीघ्र क्रियान्वयन हो तथा वर्षों से लंबित वेतन विसंगति को जल्द दूर किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल प्रमुख पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला महिला प्रकोष्ठ एन. पासवान, जिला उपाध्यक्ष टोपी राम चंद्राकर, महामंत्री रामावतार साहू, जिला सचिव सुखनाथ गंधर्व, जिला सह सचिव देवेंद्र नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष हिरदेशाय जोशी, जिला प्रवक्ता राकेश बंछोर, मीडिया प्रभारी रेवेन्द्र चंद्राकर, प्रचार-प्रसार मंत्री निलांबर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष साजा कविता वानखेड़े, ब्लॉक अध्यक्ष खंडसरा धनंजय चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष बेरला अश्वन जांगड़े और ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़ राकेश भारती शामिल रहे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही वेतन विसंगति दूर नहीं की गई तो आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## हर आंगन एक पेड़ का दिया संदेश, रोपे पौधे



**भिलाई।** आर्टकाम संस्था ने चौहान टाउन में पौधे रोपे। इस दौरान सिंदूर, सोन पत्ता, अमरूद, आम, कटहल, जामुन जैसे छाएदार एवं फलदार पौधे लगाए गए। संस्थापक निशु पांडे ने वृक्षारोपण एवं वाटर हार्वेस्टिंग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया।

सोसाइटी के लोगों से अपील की गई कि हमारा अभियान हमारा अभिमान है। हर आंगन एक पेड़ लगाना है। हर आंगन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों को प्रेरित करना है। प्रेसिडेंट सागरिका पाढ़ी ने कहा कि हम सभी मिलकर ऐसे पौधों का रोपण कर रहे हैं। चौहान टाउन में 11 जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग किया गया है। मीडिया सलाहकार अमिताभ भट्टाचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र यादव, संदीप सबरवाल, दीपा बछावत, मुकेश, प्रीतीश गुहा, ललित, योगेश त्रिवेदी, श्यामल कारकून, सरिता बिसोई, पल्लवी, अल्का दिया, हाय दी, मिली राय सहित अन्य मौजूद थे।

# आंध्र स्कूल के सामने 25 साल से नहीं बनी सड़क, शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशालीनगर के वार्ड-28 में आंध्र स्कूल के पास आज भी पक्की सड़क नहीं है। मार्ग मुरुमी है, जिससे बारिश के दिनों में गुजरना खासा मुश्किल हो रहा है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह से शिकायत की है। ब्लॉक अध्यक्ष बलविंदर सिंह और वार्ड अध्यक्ष धर्मेश चौधरी ने कहा कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि शहर विकास की पीठ थपथपा रहे हैं, लेकिन सच्चाई देखना हो तो एक बार आंध्र स्कूल के पास आकर देखें।

लोगों का मार्ग से गुजरना मुश्किल है। 2 महीने से मटेरियल भी गिरा हुआ है, सड़क का काम शुरू नहीं हो पा रहा है। बारिश की वजह से गड्ढे हो गए हैं, जिसमें पानी जमा है। कॉलोन वासियों को इस रोड पर उन्हें व स्कूली बच्चों को पानी में से गुजर कर आना जाना पड़ रहा है। रोड में बड़े-बड़े गड्ढों के पानी भरने के कारण गंदे पानी की वजह से मच्छरों की भरमार है। ज्ञापन सौंपने वालों में मेहरबान सिंह, रऊफ अंसारी, जसप्रीत सिंह, सुरेश और मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

# फोर्ज और स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह में किया गया जागरूक




**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र के फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया। सुरक्षा पर आधारित सुरक्षावार्ता, सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा स्लोगन, नियर मिस केस पर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। ठेका श्रमिकों के साथ सुरक्षा संचार मंच, नियर मिस केस, आपातकालीन तैयारी व अग्निशमन यंत्रों के उचित उपयोग एवं सावधानियां तथा प्राथमिक उपचार पर जानकारी दी गई।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल व विशेष अतिथि सीजीएम एच के सचदेव, महाप्रबंधक एस आर शेंडे ने विभाग द्वारा किये गए आयोजन एवं प्रयासों की सराहना की तथा सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधियों में भागीदारी के लिए आव्हान किया। विभागप्रमुख व महाप्रबंधक जितेन्द्र मोटवानी ने 360 डिग्री ऑब्जर्वेशन के महत्व और कार्यस्थल पर सुरक्षा से जुड़े सुझाव दिए। **विजेताओं को मिले पुरस्कारः** विभागीय सुरक्षा अधिकारी व उप प्रबंधक समीर मोहरील ने विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं बेस्ट सेफ्टी मैन, सेफ्टी स्लोगन, नियर मिस केस, कविता एवं पोस्टर आदि के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह ठाकुर ने तथा के विक्रम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जेएलएन अस्पताल में वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के ओपीडी ब्लॉक में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी एवं डॉ. उदय कुमार थे। शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज और पीजी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए जागरूकता पोस्टरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने किया। अतिथियों ने पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पेज 11 के शेष

### खाद संकट से जूझ रहे ...

सूत्रों के अनुसार निजी खाद दुकान से 450 से लेकर 520 रुपए तक यूरिया प्रति बोरी बेची जा रही है।

**सोसायटीयों में खाद की किल्लतः** परपोड़ी क्षेत्र में परपोड़ी, बोरतरा, मासूलगोंदी, चेचानमेटा, गाड़ाडीह, कोंगिया कला, लुक आदि सहकारी समिति संचालित है। इन समितियों में औसतन 2 हजार कृषक है। इस प्रकार 10 हजार किसान पंजीकृत रूप से सरकार पर यूरिया खाद के लिए आश्रित है। लेकिन अधिकारियों के सतत निगरानी व्यवस्था से किसानो को महंगा खाद बाजार से खरीदना पड़ रहा है। अधिकारी जांच की बात तो कर रहे है। आगामी दिनों देखना होगा कार्यवाही होगी या नहीं ।

### टेमरी स्कूल के ...

प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है एवं जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। संबंधित का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम तीन का उप नियम (1)(2)(3) के विपरीत होने के कारण प्रधान पाठक कपिल नारायण वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन की अवधि में कपिल नारायण वर्मा प्रधान पाठक का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ निर्धारित किया जाता है। निलंबन की अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### पीएमश्री स्कूल उघरा की प्रधान ...

जानकारी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रधान पाठक धनेश्वरी करभाल को पत्र प्रेषित किया गया। किंतु उच्च कार्यालय के निर्देश की अवहेलना करते हुए प्रधान पाठक द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया।

अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला उघरा के द्वारा लिखित में शिकायत की गई है कि प्रधान पाठक धनेश्वरी करभाल द्वारा शाला अनुदान राशि को शाला प्रबंधन समिति को विश्वास में लिए बिना खुद ही राशि आहरण कर लेती है और आय व्यय की जानकारी नहीं दी जाती है। उक्त शिकायत की पुष्टि चैतराम सेन संकुल समन्वयक बैजलपुर द्वारा भी की गई है। प्रधान पाठक धनेश्वरी करभाल का उक्त कृत्य स्वेच्छचारिता को प्रदर्शित करता है। जो की सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम तीन के उप नियम (1)(2)(3) के विपरीत है। अतः पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला उघरा की प्रधान पाठक धनेश्वरी करभाल को जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी एवं कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा में उनका मुख्यालय निर्धारित किया जाता है।

### सीईओ ने जनदर्शन में ...

अधिग्रहण को रद्द करने की मांग की। इसके अतिरिक्त जनदर्शन में निराश्रित, दिव्यांग एवं वृद्धावस्था पेंशन, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, आवास योजना से वंचित हितग्राहियों की समस्या, आम रास्ता खुलवाने, खाद गड्ढा हटवाने, रकबा जोड़ने, जैसे महत्वपूर्ण विषयों से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल ने कहा कि जनदर्शन शासन और प्रशासन के बीच सेतु की तरह कार्य करता है। यहां प्राप्त जनशिकायतों के माध्यम से वास्तविक जमीनी समस्याओं की जानकारी मिलती है और त्वरित समाधान का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्य करें और प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी, एसडीएम, तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवत प्राप्ति का मार्ग है भगवान की कथा श्रवण



**भिलाई।** दुर्ग जिले के सबसे प्राचीन शिव मंदिर शिव पुराण कोकड़ी मंदिर में शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस की कथा में बृजवासी कथावाचक 13 धीरेन्द्र महाराज ने श्रोताओं को भगवान के शिव लिंग की कथा एवं रुद्राक्ष महिमा का वर्णन उन्होंने बताया कि सबसे पहले भगवान की कथाओं को श्रवण करो जिससे भगवान को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

कथा में उदयपुर खैरागढ़ के जिला पंचायत सदस्य श्री चौपड़ा जी एवं जनपद सदस्य दुष्यंत द्वारा बाल व्यास का सम्मान किया गया। कथा में देवरी खैरागढ़ के पूर्व सरपंच केजराम साहू का भी आगमन हुआ और कमलेश मौर्या, कमलेश तिवारी, राजन लोधी आदि लोगों द्वारा भी कथा में उपस्थित रहे। कथा के मुख्य यजमान फूलचंद मौर्या एवं धीरेन्द्र बृजवासी द्वारा पूजन करने के उपरांत आज की कथा का प्रारंभ किया गया। संगीतमय शिव पुराण कथा में भगवान शिव और माता पार्वती की सुंदर झांकियों का दर्शन कराया गया। श्रावण मास के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ की कथा का रसपान शिव भक्तों को शिव कोकड़ी मंदिर प्रांगण में कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### कारगिल विजय दिवस पर छात्रों ने शहीदों को किया नमन

**बेमेतरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा विकास खण्ड साजा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इसमें गीत, भाषण, चित्रकला, रंगोली, निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजन कर उन शहीदों को गुणगान, याद करते एवं उन्हें बलिदानी को नमन किया गया। इस साहित्यिक प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कौशल का प्रदर्शन किया। इसमें भाषण कला में प्रथम स्थान नरेंद्र सेन कक्षा 10वीं एवं द्वितीय स्थान दिव्यानी कक्षा 11वीं रही। निबन्ध लेखन में प्रथम स्थान ओमकुमार सिन्हा कक्षा 11वीं एवं साधना ठाकुर कक्षा 11वीं रही। चित्रकला में प्रथम स्थान मीनाक्षी कक्षा 10वीं ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान सीमा पटेल कक्षा 9वीं रही। रंगोली कला में प्रथम स्थान शेषनारायण कक्षा 10वीं ने प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रभारी कमलेश कुमार वर्मा व्याख्याता के निर्देशन एवं निर्मल कुमार ठाकुर, माधुरी देवांगन, प्रतिभा साहू, सरोज सिन्हा एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं के समन्वित सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### भेंडरवानी स्कूल में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया गया



**बेमेतरा।** साजा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया गया। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस, प्रधान पाठक पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने कहा कि इस दिन को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन, लोग प्रकृति को बचाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और स्थायी जीवनशैली को बढ़ावा देने का संकल्प लेते हैं। प्रकृति संरक्षण दिवस के महत्व को बताते हुए प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ पर्यावरण, स्वस्थ समाज की नींव है। यह प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जैव विविधता के महत्व पर जोर देता है। यह दिन जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है। यह टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने का आह्वान करता है। इस अवसर पर शाला में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवम विजेता टीम को मेडल प्रदान किया गया तथा बच्चों को मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### लूटपाट करने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** लूटपाट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एसीसी लेबर कैम्प जामुल निवासी श्रीकांत उर्फ संतू तेलगू 27 जुलाई की दोपहर जामुल शराब भट्टी गया था। भीड़ में घासीदास नगर जामुल निवासी अजय यादव ने पीड़ित को धक्का देकर जेब से 4500 रूपये लूट कर फरार हो गया।

### अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर पुलिस ने कार्रवाई किया है। 27 जुलाई को दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक जगह पर शराब का सेवन करने वाले, अवैध रूप से शराब बेचने, अड्डेबाजी पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। मुखबिर की सूचना पर पुरानी भिलाई क्षेत्र मे शेषनारायण वर्मा द्वारा पान ठेला के पास सोमनी में, चौकी जेवरा सिरसा करंजा भिलाई चांदनी चौक के पास खिलेश्वर वर्मा, कमल नारायण निषाद ,सपेला संजय नगर राकेश वर्मा, वैशाली नगर जवाहर नगर में चंद्रकला, स्टील नगर में एम. जगदीश को अवैध शराब बेचते पाया गया।

## पर्व : प्राथमिक शाला डूड़ा में नागपंचमी की रही धूम

# पंचमी पर नाग को पिलाया दूध, शिवजी पर चढ़ाया बेलपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्राथमिक शाला डूड़ा में नागपंचमी का त्यौहार बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया गया। सभी बच्चे अपने घर से नाग देव की मिट्टी की प्रतिमा बना कर लाये थे। जिसे पूरे विधि विधान से सभी बच्चों द्वारा शाला में पूजा अर्चना की गई। बच्चों ने बेल पत्र, कनेर के फूल, दुबी चढ़ाकर शिव आराधना की। शिक्षिका शिखा चौबे द्वारा प्रथम और द्वितीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया।

साथ ही नाग पंचमी की कथा भी सुनाई गई। शिक्षिका शिखा चौबे ने बताया की तक्षक नाग के काटने से राजा परीक्षित की मृत्यु हुई, फिर राजा जनमेजय ने क्रोध में आकर सर्प यज्ञ करवाया, जिससे सभी सर्प आग में जलने लगे, फिर ऋषि आस्तिक ने आकर सावन मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को ही सभी सर्प की रक्षा की, जिससे इस दिन नाग की पूजा का विधान है। उनके द्वारा बताया गया की नाग देव को शांत करने के लिए उनको दूध से स्नान करवाया जाता है। इस अवसर पर प्रधान पाठिका एलीजा बड़ा, शिक्षक राजू देवांगन और पालकगण ने भी पूजा अर्चना की।





## पूर्व माध्यमिक स्कूल में मनाई गई नाग पंचमी

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला स्थित पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी के प्रांगण में नाग पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर नाग देवता की पूजा-अर्चना की।

शिक्षक ओमनारायण साहू ने नाग पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सनातन धर्म में नागों को धरती का रक्षक और ऊर्जा का स्रोत माना जाता है। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा से नागों की पूजा करने से जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। साहू ने यह भी बताया कि नाग पंचमी के दिन नाग देवता के साथ भगवान शिव की पूजा का भी विशेष महत्व है और यह दिन रुद्राभिषेक के लिए भी शुभ माना जाता है। इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामना संदेश दिए। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन, शिक्षक लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार सिन्हा, नीलेश कुमार वर्मा, राधेश्याम ईशदा, रामस्वरूप साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यालयीन बच्चे मौजूद रहे।



## बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा में नागपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया

**थानखम्हरिया।** बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा में आज नागपंचमी पर्व बड़े ही श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मिट्टी से स्वयं बनाए हुए शिवलिंगों का पूजन कर भारतीय संस्कृति और प्रकृति के प्रति गहरा जुड़ाव प्रदर्शित किया। सभी बच्चों ने अपने घरों से मिट्टी लाकर आर्तभाव से शिवलिंग निर्माण किया और भगवान नागदेवता की पूजा सामूहिक रूप से की। पूजा में पुष्प, दूध, अक्षत, दुर्वा, अगरबत्ती, श्रीफल आदि पूजन सामग्री का विधिवत उपयोग किया गया। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों के साथ इस आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि भगवान नाग देवता के 12 पवित्र नामों का उच्चारण, सामूहिक श्रीनागस्तोत्र पाठ एवं मधुर प्रसादी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। संस्था प्रमुख डॉ रेवाराम पाल ने नागदेवता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नागदेवता केवल पूजनीय ही नहीं, बल्कि हमारी फसलों के रक्षक हैं। वे कीटों और चूहों से कृषि की रक्षा करते हैं और भूमि को उपजाऊ बनाए रखते हैं। विषधर होते हुए भी नागदेवता जैसे मंगलकारी हैं, वैसे ही हमें भी अपने कटुता व बैर भाव को त्यागकर, सदा दूसरों का कल्याण करते रहना चाहिए।

## सरस्वती शिशु मंदिर बारगांव में मनाई गई नागपंचमी

**बेरला।** सरस्वती शिशु मंदिर बारगांव में मंगलवार को नागपंचमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने नागदेवता की प्रतिमा पर गुलाल, अक्षत, पुष्प दूध व श्रीफल अर्पित कर पूजा अर्चना की। प्रधानआचार्य सरला यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नागपंचमी का पर्व परंपरागत श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया जाता है। इस दिन नागों की पूजा की जाती है। इस दिन नागों के दर्शन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर प्रभा यादव, पूर्णिमा मानिकपुरी, पूजा साहू, सरोज साहू, सावित्री, कमला साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

**कालसर्प दोष से मिलती है मुक्ति : नरेंद्र वर्मा:** सरस्वती शिशु मंदिर के संयोजक नरेंद्र वर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि समुद्रमंथन के समय देवताओं की मदद भी वासुकी नाग ने ही की थी इसीलिए नागपंचमी के दिन नाग देवता का आभार व्यक्त करने के लिए यह त्योहार मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार नाग पंचमी पर की जाने वाली पूजा से राहु केतु के बुरे प्रभाव एवं कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। मान्यता है कि भगवान शिव हमेशा अपनी गर्दन पर वासुकि नाग को धारण किए रहते हैं इसलिए नाग की पूजा करने से भगवान शिव को प्रसन्न किया जाता है।

## स्कूल बीजागोड़ में नागपंचमी पर्व मनाया गया

**बेमेतरा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखंड साजा में नागपंचमी के पावन पर्व पर भगवान शिव और नागदेवता की विधिवत पूजा की गई।शाला परिवार ने नागदेवता एवं शिवलिंग पर दूध, चंदन, दूर्वा व अक्षत फूल आदि अर्पित किये। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बच्चों को इस पर्व की जानकारी देते हुये कहा कि यह पर्व प्रति वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। इसे मनाने के पीछे महाभारत में जन्मेजय के नागयज्ञ की कहानी है। जिसके मुताबिक जन्मेजय के नागयज्ञ के दौरान बड़े बड़े विकराल नाग अग्निकुंड में जलने लगे। उस समय आस्तिक नामक ब्राह्मण सर्प यज्ञ रोककर नागों की रक्षा की थी। यह पंचमी की तिथि थी। इसी के बाद नागपंचमी मनाई जाने लगी। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न नागों की सुंदर आकृतियां कागजों पर बनाकर सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था को प्रकट किया। संस्था प्रमुख विशेषर नेताम ने सभी बच्चों को नागपंचमी की शुभकामनायें दी। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, रसोइया बहनें सुमित्रा और संगीता कक्षा पांचवी से डिम्पल, नीति, यशोंदा कमल एवं शाला परिवार उपस्थित रहे।





## गौसेवकों पर फर्जी एफआईआर में फंसाने का आरोप, गौसेवकों की रिहाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- भारतीय गौ क्रांति मंच ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

जिला भारतीय गौ क्रांति मंच के बैनर तले मंगलवार एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए कवर्धा में गौसेवा एवं धर्म रक्षा में संलग्न युवाओं पर की गई कथित फर्जी एफ आई आर के विरोध में कड़ी आपत्ति जताई। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवं समर्पित गौसेवकों को तत्काल रिहा किया जाए और सिटी कोतवाली, कवर्धा के थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।

प्रतिनिधियों का कहना था कि गौमाता की रक्षा जैसे पवित्र कार्य में लगे युवाओं को बार-बार झूठे मुकदमों में फंसाया जाना न केवल अन्याय है, बल्कि प्रशासनिक पक्षपात और न्यायिक प्रणाली के दुरुपयोग का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि यह घटना समाज में भय और अविश्वास का वातावरण बना रही है, जो बेहद चिंताजनक है।

मांगें में कवर्धा में फर्जी एफ.आई.आर. में फंसाए गए समस्त गौसेवकों एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं की अविलंब रिहाई। उनके विरुद्ध दर्ज झूठी एफ.आई.आर. को रद्द किया जाए। सिटी कोतवाली, कवर्धा के थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किया जाए। भविष्य में गौसेवकों को झूठे मामलों में न फँसाया जाए एवं दोषियों पर सख़्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यह ज्ञापन जिलाधीश बेमेतरा के माध्यम से भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर शुभम सोनी, महामंत्री भारतीय गौ क्रांति मंच, ध्वज शर्मा जिलाध्यक्ष, ओमप्रकाश पाल महामंत्री, रोमन पाण्डेय, रमेश यादव, गौ रक्षा प्रमुख उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर पीजी कॉलेज में हुआ विशेष कार्यक्रम



**बेमेतरा।** मिशन मून के तहत पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की टीम उपस्थित रही।

कार्यक्रम में रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अंतरिक्ष विषयों पर आधारित आकर्षक कृतियां प्रस्तुत की। विधायक ने कहा आज का दिन हम सभी बेमेतरा के बच्चों के लिए और मेरे लिए भी, गर्व एवं प्रेरणा से भरा रहा। मुझे इसरो के वैज्ञानिकों के साथ संवाद का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मेरे जीवन के सबसे गौरवपूर्ण पलों में से एक है। आज हमने जाना कि इसरो क्या है, आकाशगंगा कैसे कार्य करती है, और चंद्रयान की सफल लैंडिंग कैसे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आप चाहे गांव से हो या शहर से मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर आप भी एक दिन इसरो जैसे संगठनों का हिस्सा बन सकते हैं।

अपने सपनों पर विश्वास रखें, सकारात्मक सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ें।" श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों की भी सराहना की, जिससे गांव-शहर के हर बच्चे को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। कार्यक्रम में इसरो के वैज्ञानिकों की विशेष टीम ने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रक्षेपास्त्र तकनीक, चंद्रयान, गूगल मैप, रॉकेट लॉन्चर इत्यादि विषयों पर अद्भुत जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. आनंद अरुण, डॉ. जुगल किशोर मनी (वैज्ञानिक-SF), अरुण एस. सूर्यवंशी (वैज्ञानिक-E), पी. कपीश्वर (वैज्ञानिक-E1), डॉ. अमित दुबे (वैज्ञानिक-D), श्री अखिलेश त्रिपाठी (वैज्ञानिक-D) ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उन्हें मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर आयोजित रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता में स्कूल एवं कॉलेज स्तर के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा प्रमाणपत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस की बैठक में मंडल गठन को लेकर बनी रणनीति




**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी की राजीव भवन में रविवार को कांग्रेस के जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बेमेतरा जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक ली। बैठक में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा भी मौजूद रहे। प्रभारी विकास उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पूरे जिले में जल्द ही मंडल कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसके लिए ऐसे जमीनी, निर्भीक और सर्वमान्य कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा जो संगठन को निष्ठा से मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सिपाही भाजपा के नापाक इरादों से डरने वाला नहीं है। वर्तमान भाजपा सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है और जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता से जुड़ें रहें, जनसमस्याओं को हर मंच पर उठाएं और कांग्रेस की रीति-नीति को घर-घर तक पहुंचाएं। पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती आपसी समन्वय से ही संभव है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही मंडल अध्यक्ष चयन में एकता और सामूहिक सहमति पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता किसी दबाव में न आएं। भाजपा की नाकामी को जनता के सामने लाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और मंडल गठन में फूलछाप कांग्रेसियों से सतर्क रहने की सलाह दी। बैठक में ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, राम बिहारी राजपूत, जितेंद्र उपाध्याय, शत्रुघ्न साहू, नवाज खान, विजय बघेल, चंद्रप्रकाश साहू, रश्मि मिश्रा, शशिप्रभा गायकवाड़, नेहा सुराणा, दीपक दिनकर, प्रणिश चौबे, राजेश साहू, मनोज जायसवाल, कमल पुरी गोस्वामी, मनीष परिहार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।


## श्रीराम मंदिर में 3 अगस्त को होगा कार्यक्रम

# तुलसी मानस प्रतिष्ठान मनायेगा तुलसीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जीवन मूल्यों की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध संगठन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ जिला इकाई बेमेतरा द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास का 528 वां जन्मोत्सव 3 अगस्त रविवार श्रीराम मंदिर प्रांगण में सुबह से आयोजित होगा। जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने बताया कि कार्यक्रम श्री रामचंद्र कृपालु भजमन एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ से प्रारंभ होगा।

श्री रामचरितमानस के व्याख्याकार ,संगीत कलाकार, आयोजन समिति, संगठन एवं सेवा क्षेत्रों में 25 वर्षों तक सेवा देने वाले मानस पथिकों को श्री तुलसी साहित्य सेवा अलंकरण पुरस्कार से अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए तहसील प्रभारी बेमेतरा देवराम साहू, बेरला तहसील प्रभारी पंचराम



यादव, नवागढ़ तहसील प्रभारी अशोक कुमार साहू शिक्षक, एवं साजा तहसील प्रभारी नेहरू श्रीवास्तव एवं भोजराम साहू को तहसील प्रभारी बनाया गया है। जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के आजीवन सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख बालोद के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा व श्री तुलसी साहित्य गोष्ठी संगीतमय आयोजन लगातार प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञों एवं प्रसिद्ध संगीतकारों के द्वारा प्रस्तुतीकरण लगातार किया जाएगा। कार्यक्रम अंत में श्री रामभद्र जी की महा आरती से समापन होगा।

कार्यक्रम में श्रीमज्ज ज्योतिर्मयानंद दंडी स्वामी सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा, राजीव लोचन महाराज चित्रकूट धाम, पंडित शिवकुमार पाठक श्रीराम मंदिर बेमेतरा, पंडित हरिदास महाराज घोटवानी साजा ,योगेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जगदीश देशमुख बालोद प्रदेश अध्यक्ष श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ ,गंगाधर यादव जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्राम प्रसाद मिश्रा संगीताचार्य बीजाभाट, दयाल दास बघेल कैबिनेट मंत्री, दीपेश साहू विधायक, ईश्वर साहू विधायक साजा ,कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा, विजय सिन्हा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, बृजमोहन शर्मा अधिवक्ता एवं अध्यक्ष श्रीराम मंदिर न्यास बेमेतरा, युगल तिवारी संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़, घनश्याम सिंह ठाकुर कर्मा सम्राट, पंडित अशोक मिश्रा संचालक बाल संस्कार केंद्र मटका, ठोकेलाल देवांगन मानस मणि कुसमी, राम राजेश साहू मानस मर्मज्ञ कटई कुआं, हेमलता साहू मानस मणि बेरला, थम्हन दास अस्तूरे पंडवानी आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार, रिझन सिंह सेन गुरुजी मानस मर्मज्ञ बिलाई, लिलार सिन्हा जिला अध्यक्ष बालोद, योगेश कश्यप जिला अध्यक्ष दुर्ग मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

